# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–06 जनवरी 2025 सान्ध्य समाचार

खालसा पंथ के संस्थापक और दसवें सिख गुरू गोबिंद सिंह की जयंती पर आज प्रदेश भर के गुरूद्वारों में विशेष अरदास और लंगर के कार्यक्रम आयोजित किये गये। लखनऊ के डीएवी कॉलेज में आयोजित गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश परब में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख गुरूओं का गौरवशाली इतिहास आज भी सबको प्रेरणा प्रदान कर रहा है। गुरू गोबिंद सिंह के सामाजिक योगदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा–

***गुरु गोविंद सिंह जी खालसा पंथ की स्थापना जातिभेद को छुआछूत की भावना को सर्वथा समाप्त करने के उद्देश्य से की थी। इस देश और धर्म को बचाने के लिए की थी। सकल जगत में खालसा पंथ गाजे, जगे धर्म हिंदू सकल भंड भाजे का उद्घोष करके उस समय की विधर्मी ताकतों को उन्होंने उस रास्ते से हटाने के लिए कहा जहाँ देश और धर्म के रास्ते में बंधा थे।***

**********

प्रयागराज महाकुंभ को भव्य और दिव्य रूप से आयोजित करने के लिये प्रदेश सरकार ने व्यापक इंतजाम किये हैं। इन इंतजामों की समीक्षा के लिये प्रमुख सचिव नगर विकास, अमृत अभिजात ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान प्रमुख सचिव ने कहा कि महाकुंभ मेले के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी डेढ़ लाख अस्थायी शौचालयों में पानी की उपलब्धता और उनकी नियमित सफाई के निर्देश दिये। समीक्षा बैठक में महाकुभ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप मेले में उचित मूल्य की दुकानें स्थापित हो गयी हैं। इन दुकानों से दस जनवरी से लोगों को राशन उपलब्ध कराया जायेगा।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में पर्यटन विभाग पांच एकड़ क्षेत्रफल में उत्तर प्रदेश पवेलियन बना रहा है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पवेलियन दस जनवरी से शुरू हो जायेगा। इसमें राज्य के रामायण सर्किट और कृष्ण ब्रज सर्किट सहित बारह प्रमुख सर्किटों को दिखाया जायेगा। पवेलियन में प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों के ओडीओपी उत्पादों के स्टॉल भी लगाये जायेंगे।

**********

प्रदेश के प्रत्येक जिले में अब एक गौशाला को गौ आधारित प्राकृतिक कृषि प्रशिक्षण केन्द्र बनाया जायेगा। पहले चरण में मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयाग, वृन्दावन, लखनऊ और बुन्देलखण्ड में केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के चेयरमैन श्यामधारी गुप्ता ने अयोध्या में मीडिया कर्मियों से बातचीत में बताया–

**मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार हर जिले में एक गौशाला को गौ आधारित प्राकृतिक कृषि का प्रशिक्षण केंद्र बनाना है इस गौ आधारित प्राकृतिक कृषि में एक गाय या एक बेल दिन में जो पाँच, सात लीटर गौ मूत्र दस किलोग्राम गोबर देता है उससे जीवामृत , घनजीवामृत जीवाश्म पेस्टिसाइड का निर्माण होता है खेतों में कैमिकल नहीं डालना पड़ेगा।**

गौसेवा आयोग के चेयरमैन ने बताया कि प्रदेश के बीस लाख किसानों को गौआधारित प्राकृतिक खेती से लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**********

ठंड के मौसम में पूर्वांचल के यात्रियों की सुविधा के लिये रेलवे बोर्ड ने गोरखपुर से दिल्ली के बीच स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की घोषणा की है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के मुताबिक यह स्पेशल ट्रेन गोरखपुर से छः फरवरी से और दिल्ली से सात फरवरी से चलायी जायेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के दस और शयनयान श्रेणी के चार सहित कुल सोलह कोच लगाये जायेंगें।

**********

कुशीनगर जिले के कप्तानगंज चीनी मिल पर किसानों के गन्ना मूल्य सहित करीब सतहत्तर करोड़ रूपये के बकाये के भुगतान को लेकर कप्तानगंज तहसील प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाया है। उप जिलाधिकारी योगेश्वर सिंह के मुताबिक चीनी मिल द्वारा भुगतान न किये जाने से किसानों की परेशानियों को देखते हुए चीनी मिल की भूमि और चल सम्पत्ति नीलाम करने का निर्णय लिया गया है।

**********

कौशाम्बी जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र में मां शीतला धाम के गंगा घाट पर स्नान करने के दौरान आज चार लोग नदी में डूब गये। इनमें से एक को गोताखोरों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नदी में डूबे एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है जबकि अन्य दो व्यक्तियों की नदी में तलाश जारी है।

**********

प्रदेश में मौसम का मिजाज आज मिला–जुला रहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शामली और उसके आसपास के जिलों में सुबह कोहरे के बीच जहां हल्की बारिश हुयी तो वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में गोरखपुर और आसपास के कुछ जिलों में सुबह कोहरे के बाद दिन में धूप खिली रही। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों के दौरान प्रदेश के पूर्वी जिलों में सुबह के समय मध्यम से घना कोहरा छाये रहने का अनुमान जताया है।

**********